नक्सलियों का खात्मा करने पुलिस जवान पूरी तरह तैयार

शहीद दिवस पर पुलिस अधीक्षक बलकवडे ने जताया विश्वास

ब्यूरो | गड़चिरोली.

राष्ट्रीय शहीद दिवस के मौके पर गड़चिरोली के जिला पुलिस विभाग के कवायद मैदान में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक शैलेश बलकवडे ने बताया कि, जिले में सक्रिय नक्सलियों का खात्मा करने के लिए पुलिस जवान पूरी तरह मुस्तैद होकर जल्द ही नक्सलवाद की जड़ों को कमजोर किया जाएगा। सरकार द्वारा आरंभ की गयी आत्मसमर्पण योजना का लाभ उठाते हुए अब तक सैकड़ों की संख्या में नक्सलियों ने समर्पण किया है। योजना से भी नक्सलियों को करारा झटका मिल रहा है।

सोमवार की प्रातः पुलिस कवायद मैदान में अपर पुलिस महासंचालक राजेंद्र सिंह, जिलाधिकारी शेखर सिंह, पुलिस अधीक्षक शैलेश बलकवडे, अपर पुलिस अधीक्षक मोहितकुमार गर्ग की प्रमुख उपस्थिति में शहीद जवानों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। कार्यक्रम में वे बोल रहे थे। कार्यक्रम में शहीद जवानों को तीन फायर कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। बता दें कि, वर्ष 1980 से गड़चिरोली जिले में नक्सलवाद बदस्तूर जारी है। नक्सली गतिविधियों में अब तक सैकड़ों जवानों को वीरगति प्राप्त हुई है। इन सभी जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए उनके परिजन भी पुलिस कवायद मैदान में पहुंचे थे। अपने परिवार के सदस्य को खोने का दुख अब तक कम नहीं हो पाया है। पुलिस अधिकारियों ने सभी परिजनों को सांत्वना देकर उन्हें राहत देने का प्रयास किया।

शहीदों का परिवार हमारा परिवार

गड़चिरोली जिले में नक्सलवाद के कारण विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। विध्वसंक घटनाओं में अब तक सैंकड़ों जवानों को वीरगति प्राप्त हुई। उनका बलीदान कभी व्यर्थ नहीं जाएगा। नक्सलियों की जड़ों को खत्म करने का प्रण लिया गया है। साथ ही शहीदों के परिजनों को सम्मान और समाज में नयी पहचान देने का कार्य भी पुलिस विभाग कर रहा है। उनके हर सुख-दुख में पुलिस विभाग शामिल होकर उनका परिवार भी हमारा है।

- राजेंद्र सिंह अपर पुलिस महासंचालक

सीआरपीएफच्या वतीने शहीद जवानांना श्रद्धांजली

पुण्य नगरी / प्रतिनिधी

गडचिरोली : केंद्रीय राखीव पोलीस दलाच्या १९२ बटालियनच्या वतीने पोलीस उप महानिरीक्षक मानस रंजन यांच्या अध्यक्षतेखाली सोमवारी (२१ ऑक्टोबर) शहीद पोलीस स्मृतीदिन पार पडला. यावेळी शहीद पोलीस जवानांना श्रद्धांजली वाहण्यात आली.

याप्रसंगी पोलीस उपमहानिरीक्षक मानस रंजन व बटालियनचे कमांडंट जियाऊ सिंह यांच्या हस्ते शहीद स्मारकावर पुष्पचक्र अर्पण करून श्रद्धांजली वाहण्यात आली. यानंतर मानस रंजन यांनी जवानांना संबोधित केले.

सन १९५९ मध्ये चिनी सैनिकांद्वारे लद्दाख येथे हॉट स्प्रिंग मध्ये शहीद झालेल्या सीआरपीएफ जवानांच्या स्मृतीनिमित्ताने दरवर्षी २१ ऑक्टोबर हा दिवस पोलीस शहीद दिवस म्हणून पाळला जातो. कार्यक्रमाला उपकमांडंट कैलास गंगावणे, सपन सुमन, संध्या राणी, डॉ. रवीकिरण दिघाडे आदी उपस्थित होते. यावेळी सीआरपीएफचे जवान उपस्थित होते.

आयोजन • जिला पुलिस प्रशासन की ओर शहीद दिवस मनाया गया

नम आंखों से शहीद जवानों को दी श्रद्धांजलि

गढ़चिरोली। 21 अक्तूबर। लोस

नक्सलियों की विविध गतिविधियों में शहीद हुए जवानों की याद में जिला पुलिस प्रशासन की ओर से सोमवार को पुलिस मुख्यालय परिसर में शहीद दिवस समारोह आयोजित किया गया. पुलिस अधिकारी और जिलाधीश सहित अन्य कर्मचारी, शहीदों के परिजनों ने शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर शहीदों को नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित की.

इस समारोह में राज्य के अपर पुलिस महासंचालक राजेंद्र सिंग, जिलाधीश शेखर सिंग, पुलिस अधीक्षक शैलेश बलकवड़े, अपर पुलिस अधीक्षक मोहितकुमार गर्ग सहित अन्य अधिकारी और कर्मी उपस्थित थे. इस दौरान अपर पुलिस महासंचालक राजेंद्र सिंग व अन्य अधिकारियों ने पुष्पमाला अर्पण कर शहीदों का अभिवादन कर श्रद्धांजलि अर्पित की.

शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते जिलाधीश शेखर सिंग और पुलिस अधिकारी.

इसके बाद शहीद जवानों की वीर पत्नियों और परिजनों से मिले. साथ ही विविध मुद्दों पर चर्चा भी की. पुलिस प्रशासन हमेशा शहीद परिवारों के साथ होने का आश्वासन भी उन्होंने दिया तो जिला पुलिस अधीक्षक शैलेश बलकवड़े ने कहा कि, शहीद जवानों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा. जिले में नक्सलियों का सफाया कर दिया जाएगा, इसके लिए गढ़चिरोली पुलिस दल हमेशा कटिबद्ध होने का विश्वास भी जताया.

सीआरपीएफ ने शहीदों को किया अभिवादन

गढ़चिरोली जिले में तैनात केंद्रीय रिजर्व पुलिस फोर्स की बटालियन 192 वाहिनी की ओर से गढ़चिरोली मुख्यालय पर गढ़चिरोली के पुलिस उपमहानिरीक्षक मानस रंजन की उपस्थिति में शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर अभिवादन किया. इस दौरान कमांडेंट जियाऊ सिंह, उपकमांडेंट कैलाश गंगावणे, सपन सुमन, संध्या राणी उपस्थित थी.